No. 306

CS (MAIN) EXAM, 2010

C-DTN-K-NTB

# MEDICAL SCIENCE

## Paper II

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 300

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Wherever required, the candidates may use coloured pencils for drawing sketches and diagrams in the answer book.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. Answer any *four* of the following :

   (a) How will you manage a case of acute severe bronchial asthma ? *15*

   (b) Enumerate the causes of secondary hypertension. Describe, in brief, the treatment of a patient with essential hypertension. *6+9=15*

   (c) Describe uses of intravenous human immunoglobulin (IVIG) in dermatological diseases. *15*

   (d) Discuss the management of a 2-year-old child presenting with diarrhoea for 10 days. The child weighs 5 kg, looks moribund and has low volume peripheral pulses. *15*

   (e) Describe the diagnostic categories for acute respiratory infections and pneumonia as per WHO classification. Outline the management of severe pneumonia. *6+9=15*

2. (a) What are the common causes of haemetemesis ? Discuss the treatment of duodenal ulcer. *6+14=20*

   (b) Mention common incriminating allergens. Discuss the management of allergic dermatitis. *8+12=20*

   (c) Outline the National Immunization Schedule as practiced under the RCH programme. *20*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** का उत्तर दें :

   (क) एक तीव्र प्रचण्ड श्वसनिका दमा के मामले का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? *15*

   (ख) द्वितीयक अतिरक्तदाब के कारकों को गिनाइए । अज्ञातहेतुक अतिरक्तदाब के रोगी के उपचार का संक्षेप में वर्णन करें । *6+9=15*

   (ग) त्वचीय रोगों में अंतः शिरा मानव इम्यूनोग्लोब्युलिन (IVIG) के उपयोगों का वर्णन करें । *15*

   (घ) एक 2-वर्षीय बालक, जिसे पिछले 10 दिनों से अतिसार है, उसके प्रबंधन की चर्चा करें । बालक का वजन 5 kg है, मरणासन्न जैसा है और निम्न आयतन परिधीय स्पंद है । *15*

   (ङ) WHO वर्गीकरण के अनुसार तीव्र श्वसन संक्रमणों तथा न्यूमोनिया की नैदानिक श्रेणियों का वर्णन करें । प्रचण्ड न्यूमोनिया के प्रबंधन की रूपरेखा प्रस्तुत करें । *6+9=15*

2. (क) रक्तवमन के आम कारक कौन-कौन से हैं ? ग्रहणी व्रण के उपचार की चर्चा करें । *6+14=20*

   (ख) आम अभिशंसी प्रत्यूर्जकों के नाम गिनाइए । प्रत्यूर्जता त्वक्शोथ के प्रबंधन की चर्चा करें । *8+12=20*

   (ग) RCH कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे राष्ट्रीय टीकाकरण अनूसूची की रूपरेखा प्रस्तुत करें । *20*

3. (a) Describe post-exposure prophylaxis for rabies and management of dog bites. *20*

(b) Enumerate types of psoriatic arthropathies. How will you manage a case of severe psoriatic arthropathy ? *6+14=20*

(c) Enumerate common congenital cyanotic heart diseases in paediatrics practice. Describe salient clinical features of tetralogy of Fallot. *8+12=20*

4. (a) Outline the causes of acute liver cell failure (hepatic encephalopathy). Discuss, in brief, its management. *6+14=20*

(b) Describe Koebner's phenomenon and enumerate various skin disorders in which it is observed. *10+10=20*

(c) A 4·2 kg, 38 weeks gestation, male baby is born to a 28-year-old primi-gravida who has an unsupervised pregnancy by an emergency caesarean section. The child at 1 hour of age was noticed to have respiratory distress and blood glucose of 12 mg/dl. Discuss, in brief, the differential diagnosis and outline the key points in management of this child. *8+12=20*

3. (क) रेबीज़ के प्रभावाधीनपश्च-रोगनिरोध तथा श्वान के काटने के प्रबंधन का वर्णन करें । *20*

(ख) सोरियासिसजन्य संधिविकृतियों के सभी प्रकार गिनाइए । एक प्रचण्ड सोरियासिसजन्य संधिविकृति के मामले का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? *6+14=20*

(ग) बालचिकित्साविज्ञान चलन में प्रस्तुत होने वाले आम जन्मजात श्याव हृदय रोगों के नाम गिनाइए । फैलो चतुष्क की बहिर्गामी लाक्षणिक विशिष्टताओं का वर्णन करें । *8+12=20*

4. (क) तीव्र यकृत् कोशिकीय पात (यकृत् मस्तिष्कविकृति) के कारकों को प्रस्तुत करें । उसके प्रबंधन की संक्षेप में चर्चा करें । *6+14=20*

(ख) कॉबनर घटना का वर्णन करें और वे सभी त्वचीय विकार गिनाइए जिनमें "कॉबनर घटना" देखी जाती है । *10+10=20*

(ग) 28-वर्षीय प्रथमगर्भा, जो गर्भावस्था के समय में किसी देखरेख में नहीं थी, के आपात सीजेरियन काट से 38 सप्ताह की सगर्भता पर 4·2 kg भार का एक लड़का हुआ । जब यह शिशु 1 घंटे का हुआ तो उसे श्वसन कष्ट की अवस्था में देखा गया और उसका रक्त ग्लूकोस 12 mg/dl था । इस शिशु के विभेदक निदान की संक्षेप में चर्चा करें और उसके प्रबंधन के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं की रूपरेखा दें । *8+12=20*

## SECTION B

5. Answer any ***four*** of the following :

   (a) How would you manage a young man with recurrent ulceration just above the medial malleolus of right lower limb ? *15*

   (b) How would you investigate a 40-year-old lady found to have 5 × 5 cm adrenal mass ? *15*

   (c) Describe the indications and contraindications of oral contraceptives. *15*

   (d) Describe the management of a lady with hyperemesis gravidarum. *15*

   (e) Describe the management of Biomedical Waste. *15*

6. (a) Describe the problem of nutritional anaemia in India. Describe the National Nutritional Anaemia Prophylaxis Programme. *10+10=20*

   (b) What do you understand by Evaluation of Health Services ? Describe the elements of an Evaluation Study and discuss the general steps involved. *5+15=20*

   (c) Discuss measurements of Disease Frequency in Epidemiology, giving their advantages and limitations. *20*

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** का उत्तर दें :

(क) एक युवा पुरुष के दाहिने अधः पाद (टाँग) पर मध्य गुल्फवर्ध के ठीक ऊपर बार-बार व्रण उत्पन्न हो रहा है। उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? *15*

(ख) एक 40-वर्षीय महिला को 5 × 5 cm का एड्रिनल पुंज होने की जानकारी मिलती है। इस महिला की जाँच-पड़ताल आप कैसे करेंगे ? *15*

(ग) मुखसेव्य गर्भनिरोधक कब-कब दिए जा सकते हैं और कब-कब प्रतिदिष्ट हैं, वर्णन करें। *15*

(घ) गर्भिणी अतिवमन वाली महिला रोगी के प्रबंधन का वर्णन करें। *15*

(ङ) जैवचिकित्सीय उच्छिष्ट के प्रबंधन का वर्णन करें। *15*

6. (क) भारत में पोषणज अरक्तता की समस्या का वर्णन करें। राष्ट्रीय पोषणज अरक्तता रोगनिरोध कार्यक्रम का भी वर्णन करें। *10+10=20*

(ख) स्वास्थ्य सेवाओं के मूल्यांकन का क्या अभिप्राय है ? मूल्यांकन अध्ययन के घटकों का वर्णन करें तथा इसमें सन्निहित सामान्य चरणों की चर्चा करें। *5+15=20*

(ग) जानपदिक रोगविज्ञान में रोग आवृत्ति के मापकों की चर्चा करें और उनकी उपादेयता तथा परिमितताओं पर प्रकाश डालें। *20*

7. (a) How would you manage a 21-year-old lady admitted with features suggestive of repeated episodes of sub acute intestinal obstruction ? Her mother was treated for pulmonary tuberculosis. *20*

(b) Discuss the hormonal management of a 70-year-old man with carcinoma prostate. *20*

(c) How would you manage a 35-year-old lady with $2 \times 2$ cm carcinoma breast ? *20*

8. (a) Describe the prevention and management of post-partum haemorrhage. *20*

(b) Describe the management of a lady with cervical cancer in early stage. *20*

(c) Describe the management of pregnancy induced severe hypertension. *20*

7. (क) एक 21-वर्षीय स्त्री जिसके लक्षण बार-बार अनुतीव्र आंत्रावरोध होने की ओर संकेत करते हैं, आपके पास भर्ती होती है । उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? उसकी माँ को फुप्फुस यक्ष्मा का उपचार मिल चुका है । 20

(ख) एक 70-वर्षीय पुरुष जिसे प्रोस्टेट कार्सिनोमा है, उसके हॉर्मोनी प्रबंधन की चर्चा करें । 20

(ग) एक 35-वर्षीय महिला जिसे $2 \times 2$ cm का स्तन कार्सिनोमा है, उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 20

8. (क) प्रसवोत्तर रक्तस्राव के निवारण एवं प्रबंधन का वर्णन करें । 20

(ख) एक महिला जिसे आरंभिक अवस्था का गर्भाशयग्रीवा कैंसर है, उसके प्रबंधन का वर्णन करें । 20

(ग) सगर्भता-प्रेरित प्रचण्ड अतिरक्तदाब के प्रबंधन का वर्णन करें । 20

C-DTN-K-NTB

# चिकित्सा विज्ञान

## प्रश्न-पत्र II

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

---

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

*आवश्यकता पड़ने पर परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तक में रेखाचित्रों/नक्शों तथा आरेखों के लिए रंगीन पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं ।*

---

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*